## एक नजर में

### संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

**देवास।** म.प्र. श्रम कल्याण मंडल भोपाल द्वारा उज्जैन संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज 7 अक्टूबर मंगलवार को तकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहा पर किया जा रहा हैं प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रात: 8 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल रहेंगी। क्षेत्रीय अधिकारी एल.एन.पाटीदार एवं सहायक कल्याण आयुक्त आर.पी. मिश्रा ने बताया कि अध्यक्षता अमरजीतसिंह खनूजा उपाध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज करेंगे। प्रतियोगिता में महिला पुरुष कबड्डी, वॉलीवाल, एथेलेटिक्स गेम्स, लम्बी कूद, उंची कूद, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, भाला फेंक, केरम, रस्साकशी आदि प्रतियोगिताएं होगी। शाम 5.30 प्रतियोगिता का समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार होंगी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता म.प्र. श्रम कल्याण मंडल भोपाल के सदस्य शैलेन्द्र अग्रवाल करेंगे।

### संघ ने निकाला पथ संचलन



**कांटाफोड।** नगर मे राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला। सनातन धर्म से अच्छे विचार किसी धर्म मे नही हो सकते है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वंय सेवको के बीच बौद्धिक के दौरान वरिष्ठ स्वयं सेवकों ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा की हमारे धर्म मे सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया की विचार धारा को सामने रखकर कार्य किया जाता है। नगर के रामलीला मैदान से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला। स्वयं सेवकों ने नगर के विभिन्न मार्गों पर पथ संचलन निकाला। पथ संचलन विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ ही महिला पुरूष तथा बच्चो ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।वरिष्ठ स्वयं सेवको के बौद्धिक के पश्चात नगर के मुख्य मार्गो से स्वयंसेवक पूर्ण अनुशासन के साथ पंक्तिबध्द होकर घोष की सुर ताल पर निकले।पथ संचलन के दौरान कांटाफोड़ थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा उपनिरीक्षक विनय सिंह बघेल सहायक उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह यादव सहित पुलिस टीम मौजूद रही। पथ संचलन के पूर्व नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा नगर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया।

### मध्य प्रदेश डॉजबॉल सब जूनियर टीम के ट्रायल्स संपन्न



**देवास।** मध्य प्रदेश डॉजबॉल एसोसिएशन के द्वारा अहमदाबाद में आयोजित होने जा रही सब जूनियर डॉजबॉल चैंपियनशिप के ट्रायल्स तुकोजीराव पवार स्टेडियम में आयोजित किये गये। डॉजबॉल की मध्य प्रदेश टीम के चयन के अवसर पर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी जय मीणा थे। अतिथि स्वागत मध्य प्रदेश डॉजबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रवीण सांगते, जय सिंह ठाकुर, खेल गुरु राधे श्याम सोलंकी, सुदेश सांगते, यशवंत डोगरा, पंकज वर्मा , जय कुमार दोहरे, राशि सांगते, हरजीत सिंह सलूजा, अनिल भाट आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज वर्मा किया तथा आभार यशवंत डगोरा ने माना।

### वाल्मिकी जयंती पर शोभायात्रा आज

**देवास।** वाल्मिकी युवा संगठन संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व पर वाल्मीकि युवा संगठन द्वारा 07 अक्टूबर मंगलवार को सायं 05 बजे से स्थानीय लाल गेट के राजा, सयाजी द्वार से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे घोड़े, ऊँट, बैंड आदि होंगे जो की नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्थानीय जवाहर चौक में समापन होगा। सुदेश बंजारे, चिंटु घारू, भीम घारू, विकास सांगते, संजय सांगते, विनोद सांगते, बाबू पहलवान बंजारे, राहुल बिरगडे आदि ने पंचो एवं समाजजनों से अनुरोध किया है कि, शोभा यात्रा में अपने परिवार, माताओं बहनो सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निकलने वाली शोभायात्रा को सफल बनायें।

### नष्ट हुई सोयाबीन फसल का सर्वे आज तक नहीं हुआ



**सोनकच्छ।** अत्यधिक बारिश और पीला मोजेक बिमारी के चलते सोयाबीन फसल नष्ट हो गई जिसके सर्वे करवाने का आदेश जिला कलेक्टर द्वारा दिनांक 12 सितंबर को दिया गया था लेकिन सोनकच्छ क्षेत्र के किसानों की नष्ट हुई सोयाबीन फसल का सर्वे आज दिनांक तक नहीं किया गया, इस को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रीया चन्द्रावत को सौंपा और शीघ्र सर्वे करवाने की मांग की गई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष कालुसिंह, लाखनसिंह सहित अन्य पादाधिकारी उपस्थित थे।

### 24 घंटे बाद भी नहीं मिला ग्यारह वर्षीय बालक



**देवास/सोनकच्छ।** रविवार रात को हाटपिपल्या के नानुखेडा में नाला पार करते समय एक ग्यारह वर्षीय बालक पानी के तेज़ बहाव के चलते बाह गया जो रेस्क्यू टीम को 24 घंटे बाद तक नहीं मिला। ग्रामीण जयपालसिंह ने बताया कि बालक बलराम पिता रामचरण रविवार रात 11 बजे गांव से अपने खेत जा रहा था रास्ते में सरस्वती शिशु मंदिर के पास नाला पार करते समय पानी के तेज़ बहाव में बह गया। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी और जिले से रेस्क्यू टीम भी घटना स्थल पर पहुंची लेकिन लापता बालक अभी तक नहीं मिला। बालक की तलाश जारी है। वहीं बलराम के परिजनों का हाल रो रोकर बहुत बुरा हो गया है।

### मंडी व्यापारियों के सोयाबीन स्टाक का सत्यापन किया

**सोनकच्छ।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर के आदेश पर मंडी व्यापारियों के गोदाम पर रखें सोयाबीन स्टाक सत्यापन हेतु एक दल बनाया गया। दल में एसडीएम प्रिया चन्द्रावत, तहसीलदार संजय गर्ग, मंडी सचिव और खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा द्वारा सोमवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी व्यापारियों के गोदाम पर पहुंच कर उनके गोदाम में रखें सोयाबीन स्टाक का सत्यापन मंडी रिकॉर्ड से किया गया। दल द्वारा श्रीनाथ टेंडर्स के अलावा दस अन्य व्यापारियों के सोयाबीन स्टाक का सत्यापन किया गया। खाद्य अधिकारी वर्मा ने बताया कि सभी व्यापारियों के सोयाबीन स्टाक मंडी कार्यलय के रिकार्ड से सत्यापित किया गया जो बराबर पाया गया,शेष व्यापारियों का स्टाक सत्यापन भी शीघ्र किया जायेगा।

## उदयनगर क्षेत्र के स्कूल में रंगरेलियां मनाने वाला शिक्षक निलंबित

**देवास/ उदयनगर।** उदयनगर संकुल के शासकीय प्राथमिक विद्यालय झिरी मोहल्ला बिसाली के शिक्षा के मन्दिर को शर्म सार करने वाला अश्लील वीडियो वाइरल होने के बाद सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया और एक जांच दल को भेजकर जांच करवाई तो वहां स्थानीय लोगो ने वीडियो के बारे में बताया कि यह वीडियो शिक्षक विक्रम कदम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का ही है, स्पष्ट रूप से ग्रामीण जनो एव जांच दल में आये बीईओ नरेश प्रताप सिंह, संकुल प्राचार्य कन्हैयालाल परमार,ब्लाक समन्वयक सुभाष मालवीय, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी कल्याण सिंह बुंदेला, जनशिक्षक महेश पालीवाल, दीपक सोलंकी ने वायरल वीडियो का मोके व स्कूल परिसर का अवलोकन कर



स्पष्ट रूप से कहा कि दोनो वायरल वीडियो विक्रम कदम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के ही है ,जो कि शिक्षा के मंदिर व शिक्षक जगत को शर्म सार कर देने वाली घटना है ।ऐसे कृत्य माफी के लायक नही है। ग्रामीण जनो एव सरपंच आलावा ने अधिकारियों से इस विषय मे चर्चा कर लिखित में देकर कहा कि दोनों को यहां से हटाया जाए जो कि इस प्रकार के कृत्य बच्चो की मानसिकता पर बुरे असर डालते है। साथ ही यहां पर नए शिक्षक की व्यवस्था की जाए। वही आंगनवाड़ी सुपर वायजर उषा पण्डिया का कहना है कि आंगनवाड़ी झिरी मोहल्ला की कार्यकर्ता का आपत्तिजनक वीडियो के बारे मे पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण आने पर जो भी उचित कार्यवाही होगी कि जाएगी।

### इनका कहना है

वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर अखबारों में प्रकाशित खबर की जांच में आये थे व जो की पूरी खबर व वायरल वीडियो सही पाया गया जिसका प्रतिवेदन बना कर वरिष्ठ अधिकारी को भेजा गया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे शिक्षक विक्रम कदम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबित शिक्षक ने थाने पर आवेदन देकर वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है ओर कहा है कि यह वीडियो एआई से बनाया हुआ है । इसकी जांच करवाई जाए।

**बीईओ नरेश प्रताप सिंह**

### भड़के मास्टर जी

देवास जिले बागली विधानसभा के दबंग मास्टर जी का वीडियो वायरल होने के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। वायरल वीडियो के बाद भी मास्टर जी का गुस्सा शांत नहीं हुआ, बल्कि अब वे अधिकारियों के सामने ही ग्रामीणों पर भड़कते नजर आए।

## कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा लोक विरासत यात्रा का आयोजन देव बड़ला में



**देवास।** कलाव्योम फाउंडेशन की पहल लोक विरासत यात्रा का आयोजन देव बड़ला में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों और लोक परंपराओं के संरक्षण तथा उनके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था। देव बड़ला का इतिहास परमार राजवंश (9वीं से 14वीं शताब्दी) से जुड़ा हुआ माना जाता है। वर्ष 2016 से यहाँ पुरातत्त्व विभाग द्वारा जारी उत्खनन कार्य के दौरान अब तक लगभग 15 मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिनमें से दो मंदिरों का आंशिक पुनर्स्थापन भी किया गया है। लोक विरासत यात्रा में युवाओं, कलाकारों और स्थानीय प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया कि कलाव्योम का उद्देश्य ऐसे आयोजनों के माध्यम से ऐतिहासिक स्थलों पर सांस्कृतिक संवाद स्थापित करना और इतिहास व परंपराओं को जनमानस से जोड़ना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय इतिहास, स्थापत्य एवं लोक जीवन पर एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ विजेंद्र सिंह भाटी ने देव बड़ला के पुरातात्त्विक महत्व और उसकी सांस्कृतिक संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

## विवादित सरकारी जमीन पर ग्राम पंचायत सांवेर ने शासकीय भूमि का बोर्ड लगाया




**सोनकच्छ।** जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत सांवेर में पुराने इंदौर भोपाल मार्ग से लगी बेशकीमती जमीन पर ग्राम के ही कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी जिसकी शिकायत रामू कुशवाहा सहित ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को की गई थी जिसपर दो सप्ताह पूर्व तहसीलदार संजय गर्ग द्वारा उक्त विवादित सरकारी जमीन का मौका मुआयना कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई थी जिसपर तहसीलदार ने पाया कि उक्त जमीन शासकीय होकर पंचायत के अधीन है। सोमवार को ग्राम पंचायत सांवेर के सचिव अम्बाराम चौहान द्वारा उक्त भूमि पर तहसीलदार संजय गर्ग के आदेश पर एक लिखित बोर्ड लगाया गया जिस पर उक्त भूमि को शासकीय भूमि और पंचायत के अधीन बताया गया है। तहसीलदार की उक्त कार्यवाही से ग्रामीणों में हर्ष है वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत में बहुत जगह पर शासकीय भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है, सभी की जांच कर इसी तरह की कार्रवाई की जावें।

## बागली उपजेल में बंद कैदी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम





### तीन घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म हुआ प्रदर्शन

**देवास/हाटपीपल्या।** बागली उपजेल में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों और समाजजनों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार सुबह हाटपीपल्या थाने के सामने मृतक का शव रखकर परिजनों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। बाद में एसडीओपी सृष्टि भार्गव और तहसीलदार सोनम भगत द्वारा उच्च स्तरीय जांच और परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन देने के बाद जाम समाप्त हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र पुंजापुरा के अंतर्गत अवैध लकड़ी परिवहन के मामले में आरोपी रामप्रसाद पिता कैलाश बागरी पिछले चार महीने से बागली उपजेल में बंद था। रविवार सुबह उसे अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे उपचार के लिए बागली स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल लाया गया, लेकिन शाम करीब 6 बजे उसकी तबीयत दोबारा बिगड़ी और वहीं उसकी मौत हो गई। उपजेल प्रशासन ने सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद सोमवार सुबह परिजन और समाजजन थाने पहुंचे और शव को मुख्य मार्ग पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जेल प्रशासन पर लापरवाही और वन विभाग के अधिकारियों पर मारपीट के आरोप लगाए। मौके पर पहुंचे पार्षद राहुल तंवर ने मृतक के परिजनों एवं समाजजनों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी व एसडीएम के नाम आवेदन देकर मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच, आर्थिक सहायता और परिजन को शासकीय नौकरी देने की मांग की।

इस संबंध में उपजेल बागली के जेलर शर्मा ने बताया कि कैदी की तबीयत बिगड़ने पर तुरंत उसे शासकीय अस्पताल भेजा गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राहत मिलने पर उसे वापस जेल लाया गया। सीने में दर्द की शिकायत वह स्वयं कर रहा था। पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है।

## नल-जल योजना में गड़बड़ियां, पाइप तो बिछे पर पानी नहीं आया

**देवास/ उदयनगर।** उदयनगर तहसील के रतनपुर/पिपरी- केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जिसके अंतर्गत ग्राम में हर घर पानी पहुंचने का जो उद्देश्य था वह रतनपुर में पूरा होता नहीं दिख रहा है। योजना पर करीब 1 वर्ष से अधिक से कार्य चल रहा है लेकिन आज तक कार्य पूरा नहीं हुआ व कार्य की कई अनियमिताएं में सामने आई है।ठेकेदार को रतनपुर में नल-जल योजना के तहत गांव में हर घर पानी पहुंचाना था। लेकिन हकीकत इससे बिलकुल अलग है। गांव में जगह-जगह पाइप की लाइनें तो बिछा दी गईं, लेकिन कई घरों में कनेक्शन अभी तक नहीं दिए गए। जहां कनेक्शन दिए भी गए हैं, वहां कई जगह पानी



नहीं आ रहा या बहुत कम दबाव से आ रहा है। नल जल योजना का पानी हर दिन नहीं छोड़ा जा रहा है। ग्रामीण अन्य जगह से पानी लाने को मजदूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई कनेक्शन अधूरे पड़े हैं, और जिन घरों तक पाइप पहुंची भी है, वहां काम आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। पाइप बिछाकर कनेक्शन नहीं दिए गए।पाइप बिछाने के लिए जो रोड को खोदा गया था। लेकिन आज तक वह सड़क रिपेयर नहीं की गई। खोदा गया रोड गड्ढे में तब्दील हो गया है।इससे लोगों को रोज़ आने-जाने में दिक्कत हो रही है।कई घरों को अभी तक नल कनेक्शन नहीं मिले। पाइपलाइन अधूरी पड़ी है।टंकी से पानी लीकेज हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि योजना में भारी खर्च हुआ, लेकिन काम की गुणवत्ता बहुत खराब है। लोगों ने अधिकारियों से मांग की है कि सड़क को तुरंत ठीक किया जाए, अधूरे कनेक्शन पूरे किए जाएं और टंकी की लीकेज बंद की जाए। हर घर पानी की व्यवस्था की जाए।

## 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 8 से 11 अक्टूबर तक

### विभिन्न समितियों का गठन किया



**देवास।** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 8 अक्टूबर से प्रारंभ होगी जो 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस हेतु जिला शिक्षा कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय ने बैठक ली। श्री भारतीय ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में इस स्पर्धा में सॉफ्ट टेनिस (14,17,19 वर्ष से कम बालक बालिका) नेटबॉल (17वर्ष से कम बालक बालिका) ताइक्वांडो (19 वर्ष से कम बालक बालिका) के पूरे प्रदेश के दस संभाग के लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि आयोजन के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है। खिलाड़ियों के आवास के लिए शासकीय एवं अशासकीय स्कूल तथा निजी गार्डन में व्यवस्था की गई है। राज्य स्तरीय स्पर्धा के आयोजन के लिए कंट्रोल रूम समिति, आवास समिति ,उद्घाटन एवं समापन समारोह समिति ,यातायात समिति, पात्रता प्रमाण पत्र समिति, अभ्यावेदन समिति, प्रचार प्रसार समिति का गठन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारतीय ने कहा कि प्रदेश भर से आने वाले खिलाड़ियों एवं ऑफिशल्स को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस हेतु विशेष ध्यान रखा जाए। सुदेश सांगते ने बताया कि स्पर्धा 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक संपन्न होगी। पायोनियर पब्लिक स्कूल में सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा, एवं नेट बॉल तथा ताइक्वांडो स्पर्धा तुकोजीराव पवार स्टेडियम में संपन्न होगी।

## लघु उद्योग भारती महिला इकाई के स्वयंसिद्धा दीपावली मेले का शुभारंभ

**देवास।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दो दिवसीय स्वयंसिद्धा दीपावली मेले का आयोजन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में किया जा रहा है। यहां सभी उत्पाद महिलाओं द्वारा निर्मित व स्वदेशी उत्पाद है।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कविता पाटीदार राज्य सभा सांसद, विशिष्ठ अतिथि रायसिंह सेंधव भाजपा जिलाध्यक्ष थे। आयोजन की शुरुआत माँ भारती और भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना से हुई। स्वागत भाषण महिला इकाई अध्यक्ष रचना तलाटी ने दिया। आयोजन की विस्तृत जानकारी राधिका मूंदड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसे पहले 251 ग्राहक, जो 500 रूपए से ऊपर की खरीदी करेंगे उन्हें समिति द्वारा एक निश्चित उपहार दिया जाएगा। वहीं 2000 रूपए की खरीदी पर बम्पर उपहार लकी ड्रॉ द्वारा 7 अक्टूबर 25 को मेले के समापन पर खोला जाएगा। मुख्य अतिथि सुश्री कविता पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरोना में हमने देखा कि हमारा देश आत्म निर्भर था तो हम उस जंग से जीत पाए। सक्षम हाथों में नेतृत्व था, हमारा देश आत्मनिर्भर था, इसीलए हमारे देश की अर्थव्यवस्था नहीं बिगड़ी। आत्म निर्भर की इस कड़ी में महिलाओं को इस ओर आगे आना बहुत ही ख़ुशी की बात है। हमें स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए। मैं महिला इकाई की टीम को इस आयोजन की बधाई देती हूं।

## विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सतर्कता से हिंदू महिला को बचाया

### पहले मदद की फिर झूठे प्रेमजाल में फंसाया

**भौरासा।** नगर के बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं की सतर्कता के चलते देर रात तकरीबन 11 बजे इंदौर से भोपाल बस में सवार लव जिहाद का उक्त मामला आया जिसे भौरासा टोल टैक्स पर धरदबोचा ओर पुलिस के हवाले किया झूठे प्रेमजाल में फसाया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी महिला के परिजनों द्वारा भोपाल निशादपुरा थाने में नाम दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी जिसके एवज में भोपाल स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त महिला को ढूंढने की कोशिश की गई साथ ही भोपाल के बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद को सूचना मिली कि उक्त महिला भोपाल के ही निवासी फैजान पिता सलीम खान 22 वर्ष ने अपने झूठे प्रेमजाल में फसाया हे एवं उसके साथ हे जिसमें दल द्वारा भोपाल से इंदौर अपने कार्यकर्ताओं द्वारा संपर्क किया इसी के साथ भौरासा के कार्यकर्ताओं को भी उक्त महिला पुरुष की सूचना दी गई और बताया गया कि उक्त दोनों इंदौर से भोपाल जाने वाली बस में सवार हुए हे दोनों के फोटो के साथ भौरासा टोल टैक्स पर कार्यकर्ताओ द्वारा भोपाल जाने वाली सभी बसों में सघन चेकिंग की गई जिसके फलस्वरूप देर रात 11 बजे दोनों को बस में से फोटो के साथ पहचान कर उतारा गया ओर भौरासा थाने पर भेजा गया जहां थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा उक्त मामले की जानकारी लेकर



भोपाल निशादपुरा थाने पर संपर्क किया उसके बाद अग्रिम कार्यवाही के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त घटना की सूचना दी गई। उक्त महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट भोपाल में दर्ज होने के कारण भौरासा थाने पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थाना प्रभारी द्वारा उक्त महिला से बात कर समझाइश दी गई ओर जानकारी मिली कि उक्त महिला के दो बच्चे भी हे जिसमें बड़े बेटे की उम्र 11 वर्ष हे महिला ने बताया कि फैजान खान उसकी हर प्रकार से मदद करता था इसलिए उसके साथ रहने को राजी हो गई वही आरोपी फैजान खान से पुलिस पूछताछ में बताया कि वह उक्त महिला के साथ नहीं रहना चाहता हे परंतु महिला आरोपी के साथ ही रहने को अड़ी रही जिसके बाद दोनों को पुलिस टीम के साथ देर रात भोपाल के लिए रवाना किया गया। इधर दल के कार्यकर्ताओं का कहना हे कि अगर हमारे सनातन हिन्दू धर्म की बहन बेटियों के साथ अन्य विशेष समुदाय के लोग कोई किसी प्रकार की छेड़छानी करते हे या धर्मांतरण के लिए बोला जाएगा तो उस पर सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी बख्शा नहीं जाएगा हम सभी धर्मों का मान सम्मान करते हे। उक्त कार्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर भौरासा से विभाग सह संयोजक नारायण शर्मा, जिला सत्संग प्रमुख मुरारी लाल लोधी, छोटू माली, प्रदीप ठाकुर, पिन्टु लोधी, महेश लोधी, राहुल खाटवा, विवेक शर्मा, विशाल माली, हरिओम माली, राहुल लोधी, रणवीर, अभिषेक, राम, सागर, ज्योतेश आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** वेल स्वास्थ, वेल प्रकृति, वेल शिक्षा, वेल नेतृत्व के प्रोग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी

## वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज एवं आस संस्था ने किया मेगा स्टेक होल्डर का आयोजन

**देवास।** 06 अक्टूबर को वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज एवं आस संस्था द्वारा देवास के वरिष्ठ नागरिक संस्था में मेगा स्टेकहोल्डर का आयोजन किया गया। जिसमे 66 स्टेक होल्डर की उपस्थिति हुई। स्टेक होल्डर मीटिंग में पांच पंचायत अचलुखेड़ी, चंदाना, लिम्बोदा, खाटम्बा,सन्नोद




के सभी उपस्थित अधिकारियों और पियर लीडर को प्रोजेक्ट के 5 टॉपिक वेल स्वास्थ, वेल प्रकृति, वेल शिक्षा, वेल नेतृत्व के प्रोग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मेगा स्टेकहोल्डर मीटिंग के आयोजन में महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक रंजिता पवार, स्वास्थ विभाग से शिवशंकर सीएचओ, आरती वर्मा सीएचओ , प्राची शर्मा सीएचओ और पांचों पंचायत की एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता और वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज से लोकेशन लीड राहुल यादव, संस्था आस से प्रोग्राम मैनेजर लोकेंद्र राव जाधव एवं प्रोजेक्ट मैनेजर जागेंद्र सिंह , एमआयएस से श्वेता गौतम, फील्ड कॉर्डिनेटर सोनिका, लाड़कुंवर, निकिता, भावना , रोशनी उपस्थिति रहे।